न्यायालय सहायक कलक्टर (मुख्यालय) धौलपुर

फर्द अहकाम

उनवान : नत्थी बनाम सरकार बगैरा

किस्म मुकद्दमा– विविध प्रार्थना पत्र

मुकद्दमा नम्बर– 7/2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज	नम्बर व ता... अहकाम जा... हुक्म की तामील... जारी हुए
04.07.25	आज यह प्रार्थना पत्र श्री चन्द्रपाल कुशवाह एडवोकेट ने पेश किया। दर्ज रजिस्टर हो। प्रार्थना पत्र पर उन्हें सुना गया। वकील प्रार्थी का कथन है कि दिनांक 17.06.2025 को अन्य न्यायालय में व्यस्त होने के कारण मूलवाद अदम हाजिरी व अदम पैरवी खारिज कर दिया गया। वादी उक्त वाद को सदभावना पूर्वक कन्टैस्ट करना चाहता है। अतः मूलवाद एवं प्रार्थना पत्र को पुनः नम्बर पर लिये जाने की अनुमति दी जावे। पत्रावली का अवलोकन किया गया। दफ्तर से मूलवाद पत्रावली को तलब किया गया। दिनांक 17.06.2025 को मूलवाद अदम हाजिरी व अदम पैरवी में खारिज किया गया था। आज दिनांक को वकील वादी ने प्रार्थना पत्र आदेश 9 नियम 9 सीपीसी प्रस्तुत कर दिया है। न्यायहित में वादी के मूलवाद को पुनः नम्बर पर लिया जाना हम उचित समझते है। अतः आदेश है कि प्रार्थना पत्र आदेश 9 नियम 9 सीपीसी स्वीकार किया जाता है। एवं मूलवाद को पुनः नम्बर पर लिये जाने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसलशुमार होकर संलग्न मूलवाद रहे। (हस्ताक्षर) उपखण्डाधिकारी पदेन सहायक कलक्टर मुख्यालय धौलपुर (राज0)	